BSES

बीएसईएस उपभोक्ताओं को मिला

8 करोड़ का कैश–बैक

नई दिल्लीः 6 अप्रैल, 2016। दो महीनों के लिए लॉन्च की गई कैश–बैक स्कीम के तहत, बीएसईएस उपभोक्ताओं को 8 करोड़ रूपये का कैश–बैक मिला है। बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड और बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड के उपभोक्ताओं के लिए पेटीएम की ओर से यह स्कीम लॉन्च की गई थी। करीब 5 लाख उपभोक्ताओं ने इस कैश–बैक स्कीम का लाभ उठाया। स्कीम 31 मार्च को खत्म हुई। बीएसईएस उपभोक्ताओं के लिए यह अपनी तरह की पहली कैश–बैक स्कीम थी। इससे पहले, कभी कैश–बैक स्कीम लॉन्च नहीं की गई थी।

पेटीएम ने 1 फरवरी को खासतौर पर बीएसईएस उपभोक्ताओं के लिए एक कैश बैक स्कीम लॉन्च की थी। इस सिलसिले में बीएसईएस और पेटीएम के बीच एक समझौता हुआ था। स्कीम के तहत, ड्यू डेट से 7 दिन पहले अपने बिजली बिल का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को प्रति बिल 200 रूपये का कैश बैक मिला। और, बाकी के अन्य दिनों में, लेकिन ड्यू डेट से पहले भुगतान करने वाले उपभोकताओं को प्रति बिल 150 रूपये का कैश बैक दिया गया।

कैश– बैक स्कीम का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को पेटीएम की वेबसाइट या पेटीएम ऐप के माध्यम से बिल का भुगतान करने की सुविधा दी गई थी। बिल का भुगतान विभिन्न माध्यमों से किया जा सकता था, जिनमें डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग और पेटीएम वॉलेट के जरिए भुगतान भी शामिल है।

ड्यू डेट से 7 दिन पहले भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं ने, कूपन कोड बीएसईएस200 का इस्तेमाल किया। इससे उन्हें 200 रूपये का फ्लैट कैश–बैक मिला। बाकी के अन्य दिनों में लेकिन ड्यू डेट से पहले भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं ने, कूपन कोड बीएसईएस150 का इस्तेमाल किया। इससे उन्हें 150 रूपये का कैश–बैक मिला।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल आर–इंफ्रा तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।